स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

अनुमंडल कार्यालय, समस्तीपुर
(कल्याण प्रशाखा

दुरभाष सं0–06274 222099(का0)
06274 222199 (आ0)
Email-
sdm.samastipur@gmail.com

–: विज्ञापन सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समस्तीपुर सदर अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड कल्याणपुर के पंचायत गोपालपुर में कुल–01 (एक) विकास मित्र का पद रिक्त है। रिक्त सृजित एवं स्वीकृत पद के विरूद्ध नियोजन हेतु मिशन निदेशक बिहार महादलित विकास मिशन, पटना के पत्रांक–838, दिनांक–20.04.2022 के आलोक में उन महादलित जातियों में सर्वाधिक बहुलता प्राप्त वह जाति जो पूर्व के सर्वेक्षण, 2010 में निर्धारित हैं के आवासित अभ्यार्थियों से दिनांक–29.12.2023 से 05.01.2024 तक कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय के कार्यालय कार्यावधि (रापत्रित अवकाश को छोड़कर) पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता हैं। चयन हेतु अर्हता/योग्यता संबंधी विशेष जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रपत्र बिहार महादलित विकास मिशन के बेवसाईट WWW.mahadalitmission.org पर उपलब्ध हैं।

विकास मित्र रिक्त का विवरण

क्र०सं०	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	स्वीकृत बल	बहुलता प्राप्त
01.	कल्याणपुर	गोपालपुर	01 (एक)	चमार

चयन हेतु योग्यता :–

1. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगी।
2. महादलित आवेदक का उम्र दिनांक–01.01.2023 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 60 वर्ष होगी।
3. प्रत्येक पंचायत एवं कलस्टर में महादलित जाति की बहुलता पहले से निर्धारित है।
4. आवेदक महादलित परिवार से होगा। पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) में जिस महादलित जाति की बहुलता होगी उसी जाति के अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।
5. जिस पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) से विकास मित्र का चयन किया जाना है, वहीं के निवासी अर्थात् गोपालपुर पंचायत के अतंर्गत निवास करने वाले निवासियों से आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा और चयन किया जायेगा।

नियोजन की गतिविधियाँ एवं समयावधि

क्र०सं०	मेरवा प्रखंड मुख्यालय में आवेदन प्राप्त करना	दिनांक
01.	कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय में आवेदन प्राप्त करना।	दिनांक–29.12.2023 से 05.01.2024 तक
02.	औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन।	दिनांक–06.01.2024
03.	औपबंधिक मेधा सूची पर आपत्ति प्राप्त करना एवं प्राप्त आपत्ति का निराकरण।	दिनांक–06.01.2023 से 11.01.2024
04.	अंतिम मेधा सूची/चयन सूची का प्रकाशन।	दिनांक–15.01.2024
05.	नियोजन पत्र वितरण/शपथ ग्रहण एवं प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण।	दिनांक–15.01.2024

रिक्त पद पर नियोजन मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार महादलित विकास मिशन–सह–सचिव अनु० जाति एवं अनु० जनजाति कल्याण विभाग, बिहार के पत्रांक–2376, दिनांक–11.11.2022 विकास मित्र चयन मार्गदर्शिका (पंचम चरण) एवं समय–समय पर निर्गत पत्र के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में किया जायेगा।

विश्वासभाजन

27/12/23

अनुमंडल पदाधिकारी
समस्तीपुर